### घर में खून से लथपथ मिला शव

# पति ने गला रेतकर की पत्नी की हत्या

दबंग रिपोर्टर ▸ पीथमपुर



थाना सेक्टर-1 के जोशी मोहल्ले में शनिवार सुबह घर में महिला का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने देखा तो घर में महिला का खून से लथपथ शव पड़ा था। मृतका के गले में धारदार हथियार से चोंट के निशान पाए गए। महिला की हत्या गला रेतकर की गई है। आशंका है कि महिला की हत्या उसके पति ने ही की हो। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जोशी मोहल्ले में पति ने पत्नी की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। आरोपी पति फरार हो गया। मृतका संध्या उर्फ सोनू चौहान (25), पति पप्पू देवड़े निवासी ठीकरी जिला खरगोन किराए के कमरे में अकेली रहती थी। किसी कंपनी में काम करती थी। बीती रात महिला का पति घर आया था और संभवतः किसी विवाद के बाद दोनों में हुए झगड़े के बाद पति ने पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी और फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर कमरे को सील कर दिया। एफएसएल टीम ने जांच कर साक्ष्य एकत्रित किए। नगर पुलिस अधीक्षक तरूणनेद्र सिंह बघेल ने बताया कि संध्या पति पप्पू (25) निवासी जोशी मोहल्ला का गला रेतकर हत्या हुई है। हत्या के बाद आरोपी पति पप्पू फरार हो गया।

थाना प्रभारी तारेश सोनी ने बताया कि महिला की हत्या का कारण प्रथम दृष्टया पति-पत्नी का विवाद हो सकता है। महिला कुछ महीनों से पति से अलग रह रही थी। महिला का एक 7 वर्षीय बेटा भी है जो महिला के साथ रहता था। पुलिस ने दो टीम बनाई है जो आरोपी की तलाश कर रह रही है। पोस्टमार्टम के लिए शव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## कवि सम्मेलन 1 जून को

**गौतमपुरा।** जबरेश्वर सेना के संरक्षक राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व 1 जून शाम 7 बजे से गांधीचौक पर कवि सम्मेलन रखा गया है। हिंदू साम्राज्य दिवस की पूर्व संध्या पर होने वाला विराट कवि सम्मेलन में कवि सत्यनारायण सत्तन, मुकेश मोलवा इन्दौर, श्यामसुंदर पल्लोंड इन्दौर, मुन्ना बैटरी मंदसौर, कवित्री प्रियंका राय बनारस, रोहित झझाट इन्दौर, गौतमपुरा के कवि पंकज प्रजापत कविता पाठ करेंगे। जबरेश्वर सेना के कार्यकर्ता उदित वर्मा, विष्णु बाबा, लड्डू करड़वाल ने श्रोताओं से सम्मेलन में शामिल होने की अपील की है।

# बरसों बाद होगा मुक्तिधाम का कायाकल्प

**महू।** कैंटबोर्ड द्वारा वर्षों बाद मुक्तिधाम का कायाकल्प किया जाएगा, यहां शेड सुधार से लेकर मंदिर निर्माण किया जाएगा। मुख्य द्वार पर छावनी परिषद मुक्तिधाम का बोर्ड लगाया जाएगा। खेल संकुल को खिलाड़ियों के लिए शुरू कर दिया गया है। ब्रिगेडियर एलके भारद्वाज, डीइओ सपन कुमार, नामांकित सदस्य शिव शर्मा ने मुक्तिधाम, खेल संकुल सहित अन्य जगहों का निरीक्षण किया। अफसर मुक्तिधाम पहुंचे, यहां टूट रहे शेड, गंदगी आदि को देखकर अफसर नाराज हुए और शेड बदलने, मंदिर निर्माण, गंदगी हटाने, रंग-रोगन का निर्देश दिया। टीम खेल संकुल पहुंची, यहां क्रिकेट के खिलाड़ियों के लिए शेड बनाने के लिए कहा। फुटबॉल के गोल पोस्ट को एक्सपर्ट से ठीक करवाने के लिए कहा। क्रिकेट की पिच को कवर करने के लिए कहा। अंत में अफसरों ने खेल संकुल को खलाड़ियों के लिए खोलने के निर्देश दिए।

# ब्राउस में तीन कम्पोजिस्टिंग सेंटर का शुभारंभ

### ब्राउस में पर्यावरण जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित



**महू।** डॉ. बीआर आम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर में कंपोस्ट खाद एवं पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत परिसर में तीन कम्पोजिस्टिंग सेंटर का निर्माण किया गया है। सेंटर का उद्घाटन कुलपति डॉ. रामदास आत्राम के मार्गदर्शन में सामाजिक विज्ञान एवं प्रबंधन अध्ययनशाला के अधिष्ठाता प्रो. सुनील गोयल, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शीतल झा तथा कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार ने किया। विश्वविद्यालय ने तय किया कि परिसर में पेड़-पौधों की पत्तियों और कूड़े से कंपोस्ट खाद बनाई जाएगी। इसका इस्तेमाल पार्क में पौधौं के लिए खाद के तौर पर होगा। विद्यार्थियों को कम्पोस्ट खाद बनाने की विधियों का प्रदर्शन किया गया। कम्पोस्ट खाद का मृदा उर्वरता पर भौतिक, रासायनिक, जैविक प्रभाव से अवगत कराया गया। पर्यावरण एवं ऊर्जा संरक्षण के लिए मिशन लाइफ के अंतर्गत तीसरे दिन विश्वविद्यालय द्वारा पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने वाले वाले पोस्टर-बैनर के साथ सामूहिक रूप से तीन कम्पोजिस्टिंग सेंटर क्रमशः पाली हाउस के उत्तर में, छात्रावास के दक्षिण भाग में तथा द्वितीय श्रेणी आवास के उत्तर में निर्माण किया गया। उसमें पत्तियों, घास, अपशिष्ट डालकर, कम्पोजिस्टिंग सेंटर के आसपास सफाई कर शुभारंभ किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम समन्वयक, संयोजक, संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास से किया गया। एनसीसी लेफ्टिनेंट डॉ. कौशलेन्द्र वर्मा, एनएसएस प्रभारी डॉ. धनराज डोंगरे, डॉ. दीपक कारभारी, डॉ. पीसी बंसल, शोध अधिकारी डॉ. रामशंकर, डॉ. मनोज कुमार गुप्ता सहित संकाय, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी सहभागी रहे।

# सकारात्मक परिवर्तन से स्वयं मैं ला सकते हैं सुधार :अंजली



दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर

जेसीआई ग्वालियर युवा शक्ति द्वारा कोचिंग में पढ़ रहे बच्चों के लिए मोटिवेशनल ट्रेनिंग का आयोजन किया, जिसका मुख्य उदेशय आज के समय में हम पॉजिटिव कैसे रहे, कैसे अपनी जिंदगी में आने वाली चौनौतियों का सामना करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेसीआई युवा शक्ति के अध्यक्ष आयुष खंडेलवाल ने की कार्यक्रम संयोजक उमेश शिवहरे रहे। ट्रेनिंग नेशनल ट्रेनर जेसी अंजली गुप्ता बत्रा ने ली।

अंजली गुप्ता बत्रा ने कहा कि आज के समय में जब हम कंपीटिशन के समय में है। हमें हर समय अपने ऊपर काम करना होगा जीवन हमेशा लर्निंग मोड़ में होना चाहिए, जिसके लिए सबसे ज्यादा आवश्यक है।

सकारात्मक बने, हम बुरे नहीं होते, बल्कि कुछ आदतें होती है, जो हमारे खुशहाल जीवन को नकारात्मक जीवन बना देती है। यदि हम एक सफल व्यक्ति बनना चाहते है तो आपको अपनी सोच में बदलाव करना ही होगा।

सकारात्मक बनें, क्योंकि बेहतर आदमी की सबसे बड़ी और पहली पहचान सकारात्मकता होती है जो सफल व्यक्ति को उसके बुरे समय में आत्मविश्वासी और मजबूत बनाये रखती है और उन्हें हर काम को अंजाम देने का साहस प्राप्त करती हैं। हमेशा बेहतर भाषा का प्रयोग करें क्यूकी भाषा सबसे महत्वपूर्ण होती हैं। यदि आप किसी से बात करते समय अपनी भाषा में गलत शब्दों का प्रयोग कर रहे है तो ये आपके लिए नुकसानदायक साबित हो सकता हैं। कहते है कि जो काम बंदूक की गोली नहीं कर सकती, वो काम कभी-कभी एक मीठी बोली कर सकती हैं। इसलिए अपनी बोली (भाषा) को मीठी बनाये। अगर आप बेहतर भाषा का प्रयोग करेंगे तो आप बहुत जल्द एक बेहतर इंसान बन सकते हैं।

## उपायुक्त चौहान ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर

उपायुक्त सत्यपाल सिंह चौहान द्वारा शनिवार को प्रात 7 बजे सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति चेक की गई, जिसमे क्षेत्र क्रमांक 19 के वार्ड 44 व 50 के आकाश, राहुल कुल 2 सफाई कर्मी अनुपस्थित पाए गए, साथ ही सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त सतपाल सिंह चौहान द्वारा गुब्बारा फाटक चौराहा से ऊंट पुल स्थलों पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर साथ ही बेक लाइन का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही सार्वजनिक शौचालय एवम मूत्रालय का भी निरीक्षण किया साथ ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन सूखा एवं गीला कचरा अलग अलग लिए जाने के साथ उक्त अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए गए। डोर टू डोर वाहनो को सुबह 5:30 बजे कार्यशाला से निकलने संबधित निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी भीष्म पमनानी उपस्थित रहे।

# आंधी ने मचाया तांडव, पेड़ कार पर गिरा

### तीसरे दिन नौतपा और हो गया ठंडा

दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर



शनिवार की सुबह से ही आसमान में बादल छाने के बाद चली तेज हवा और हल्की बारिश से नौतपा का तीसरा दिन भी ठंडा रहा। सुबह सूर्योदय के बाद ही आसमान में बादलों का आना शुरू हो गया था, दस बजे तक आसमान में घनघोर घटाएं छा गई थीं और तेज हवाएं चलने लगी थीं।

30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से चली हवाओं के कारण थीम रोड पर दो पेड़ धराशायी हो गए। यहां कटोराताल के सामने खड़ी कार पर एक पेड़ आ गिरा जिससे कार पिचक गई। गनीमत यह रही कि उस समय पेड़ के नीचे और कार में कोई नहीं था। वहीं शहर में अन्य स्थानों पर भी तेज हवाओं के कारण पेड़ों की टहनियां टूट कर जमीन पर आ गिरी। आधा घंटे तक चली तेज हवाओं के बाद ग्यारह बजे से फिर धूप निकल आई। शनिवार की सुबह हुई बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई है। तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच चुका था।

शनिवार सुबह चली तेज आंधी और बारिश के कारण मौसम सुहाना हो गया है। मई माह में जहां आसमान से आग बरसती है। वहीं जब नौपता शुरू हो जाता है तब सूर्य की किरणें सीधी जमीन पर आती हैं इस कारण तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाता है। लेकिन पिछले तीन साल से नौपता के दौरान मौसम गड़बड़ा रहा है। इस बार भी नौतपा की शुरूआत ठंडे मौसम से हुई है। लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभों के कारण इस बार गर्मी अपना रंग नहीं दिखा पाई है। नौपता के तीसरे दिन भी सुबह से आंधी और बारिश ने तापमान को और नीचे ला दिया है।

शनिवार की सुबह ग्वालियर में चले अंधड़ ने पूरे शहर को हिला कर रख दिया। कुछ देर के लिए आंधी अंधड़ की रफ्तार 80 किलोमीटर प्रति घन्टे के पार निकल गई। आंधी की मार से कटोराताल स्थित एक पेड़ अपनी जड़ों पर कायम नहीं रह सका और भरभरा कर धरती पकड़ ली। इस पेड़ की चपेट में मारुति वैन आ गई जो पापड़ जैसी पिचक गई। गनीमत यह रही कि जब हादसा हुआ गाड़ी में कोई सवार नहीं था।शनिवार सुबह 9.30 बजे लगभग तेज आंधी चलना शुरू हुई और फिर बारिश हुई। बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली वहीं आंधी ने शहर में कई स्थानों पर मार्ग अवरुद्ध कर दिए। वहीं नौतपा का का तीसरा दिन भी बारिश से धुल गया। बारिश की वजह से शहर में जगह-जगह जलभराव भी हो गया।

मौसम विज्ञानी सीके उपाध्याय के अनुसार हिमालय से पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने तथा पश्चिम बंगाल में अलग-अलग दो चक्रवात बने हुए हैं, इसके अलावा पूर्व-पश्चिम ट्रफ लाइन, एवं पंजाब में बनें चक्रवात से हरियाणा, उत्तरप्रदेश, बिहार के दक्षिणी क्षेत्र से गुजरने एवं एक अन्य ट्रफ लाइन दक्षिण-पूर्वी मध्यप्रदेश, विदर्भ तेलंगाना से होते हुए कर्नाटक तक बनीं हुई है। इन मौसम प्रणालियों के कारण मौसम में लगातार नमीं बनीं हुई है। इस वजह से तापमान में लगातार गिरावट आ रही है।

# ट्रैफिक एक्सपर्ट के साथ पुलिस ट्रैफिक इंजीनियरिंग की खामी ढूंढने निकली सड़कों पर

**ग्वालियर।** शहर में ट्रैफिक इंजीनियरिंग एक्सपर्ट के साथ पुलिस अफसर सड़कों पर खामियां ढूंढने निकल रहे हैं। इसकी शुरूआत शनिवार सुबह से शुरू हो गई। अब अलग-अलग इलाकों में लगातार भ्रमण किया जाएगा। इसके बाद ट्रैफिक इंजीनियरिंग से जुड़ी खामियां ढूंढकर इनके सुधार के लिए संबंधित विभागों को पत्र लिखे जाएंगे।

शहर में ट्रैफिक सबसे बड़ी समस्या है। हर सड़क पर ट्रैफिक उलझा हुआ है। कहीं सड़क पर अतिक्रमण की वजह से तो कहीं खामियों की वजह से कई जगह ट्रैफिक इंजीनियरिंग से जुड़ी खामियां ही ट्रैफिक बिगाड़ रही हैं। यह मामला हाल ही में प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट की बैठक में भी उठा। एएसपी ऋषिकेष मीणा ने माधव इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी के प्रबंधन से संपर्क किया। यहां ट्रैफिक इंजीनियरिंग की एक्सपर्ट प्रोफेसर डा. अंजलि से संपर्क किया गया है। उनके साथ मिलकर ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी सड़कों पर घूमकर ट्रैफिक इंजीनियरिंग की खामियां ढूंढेंगे। करीब 7 दिन तक यह भ्रमण चलेगा। शहर के सिटी सेंटर इलाके से इसकी शुरूआत शनिवार सुबह 10 बजे हो गई। इसी तरह शहर के अलग-अलग इलाकों में टीम भ्रमण करेगी और रिपोर्ट तैयार करेगी। इस रिपोर्ट को वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा जाएगा। फिर इसमें सुधार होगा। इस बारे में एएसपी ट्रैफिक ऋषिकेष मीणा ने कहाकि ट्रैफिक इंजीनियरिंग की खामियां ढूंढने के लिए भ्रमण शुरू हो गया है। सड़क से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नगर निगम के मदाखलत अमले के साथ मिलकर चल रही है। इसी तरह के प्रयास से ट्रैफिक सुधारने की कोशिश की जा रही है। जल्द ही व्यापारियों सहित अन्य वर्गों के साथ अलग-अलग दिन बैठक भी की जाएगी।

# यूजी एग्रीकल्चर में प्रवेश के लिए पीएटी के आवेदन शुरू

दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर

मप्र कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) द्वारा प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट (पीएटी)-2023 के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई है। पीएटी का आयोजन 11 और 12 जुलाई को होगा।

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विवि (आरवीएसविवि) से संबद्ध इंदौर, मंदसौर, ग्वालियर, सीहोर और खंडवा कृषि कॉलेजों में और जवाहरलाल नेहरू कृषि विवि (जेएनकेविवि), जबलपुर के अंतर्गत संचालित कैंपस में संचालित अंडर ग्रेजुएशन (यूजी) प्रोग्राम में सत्र 2023-24 में प्रवेश प्री एग्रीकल्चर टेस्ट (पीएटी) के द्वारा दिए जाएंगे। इन विवि के अंतर्गत बीएससी (ऑनर्स) कृषि, बीएससी (ऑनर्स) उद्यानिकी, बीएससी (ऑनर्स) वानिकी, बीटेक (कृषि अभियांत्रिकी) में प्रवेश लेने के इ'छुक छात्रों को पीएटी में शामिल होना होगा। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विवि, चित्रकूट, सतना में भी पीएटी 2023 की मेरिट से एडमिशन होगा।

उम्मीदवार 26 मई से आवेदन कर सकेंगे। कृषि विवि के डीएफए डॉ. दीपक रानडे ने बताया कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय व जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कॉलेजों की यूजी कक्षाओं में प्रवेश के लिए पीएटी की आवेदन प्रक्रिया 26 मई से शुरू हो चुकी है। इस बार पीएटी-2023 का आयोजन 11 और 12 जुलाई को होगा। आवेदन की आखिरी तारीख 9 जून है। आवेदन में त्रुटि सुधार 14 जून तक सकेंगे। आवेदन की फीस अनारक्षित वर्ग के लिए 500 और अनारक्षित वर्ग के लिए 250 रुपए है। परीक्षा दो शिफ्ट में होगी। पीएटी में वे छात्र शामिल हो सकते हैं, जो इस वर्ष मान्यता प्राप्त बोर्ड की 12 वीं या समकक्ष परीक्षा में शामिल हो चुके हैं, लेकिन एडमिशन के समय तक 12 वीं में उत्तीर्ण होना जरूरी है।

# सुंदरकांड सिर्फ पढ़े या सुने नहीं, बल्कि आत्मसात भी करें : पं. अंकित शर्मा

दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर



वृद्ध माता पिता के पास अनुभव का अथाय सागर होता है, युवाओं के पास ऊर्जा तो होती है , लेकिन जीवन मे सफलता के लिए वुजुर्गों का अनुभव भी आवश्यक होता है। उक्त वचन पं. अंकित शर्मा ने मंगल धाम वृद्धाश्रम में आयोजित सुन्दरकाण्ड व्याख्यान सत्र के दौरान कहें।

चित्रांश वेलफेयर आर्गेनाइजेशन परिवार की और से राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम श्रीवास्तव ने बताया कि वृद्ध माता पिताओं के बीच सुंदर कांड व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता पं. अंकित शर्मा ने अपनी मधुर आवाज में सुंदर कांड की चौपाइयों की व्याख्या करते हुए जीवन को कैसे सरल बनाया जाए या परेशानियों का सामना करने के सूत्र जो की सुंदर कांड मे छुपे हुए है, उन से अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि व्यक्ति अगर हनुमान जी की जीवन शैली से कुछ गुण ले ले तो वह अपना पूरा जीवन तमाम बाधायों को आसानी से पार करते हुए सुखमय और शांति मय तरीके से व्यतीत कर सकता है। कार्यक्रम में राम कृष्ण मंडल के अध्यक्ष शिव सिंह यादव, अजाक्स के अध्यक्ष मुकेश मौय, दर्पण कॉलोनी स्टेडियम के हॉकी कोच अविनाश भटनागर, सत्येंद्र यादव, कावेरी वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष हेमलता राव, सचिव कंचन राव, आकाश लक्षणे, सीवो के राष्ट्रीय सचिव अमन श्रीवास्तव, संभागीय अध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव, जिला मंत्री राकेश श्रीवास्तव, वंदना श्रीवास्तव, सूरज सोलंकी, हेम सिंह कुशवाह सहित वृद्ध माता पिता मौजूद होकर सुन्दरकाण्ड व्याखयान सत्र का आनंद लिया। सत्र उपरांत सभी ने प्रसादी ग्रहण की।


Yellow Diamond

**PRATAAP SNACKS LIMITED**

Registered and Corporate Office: Khasra No. 378/2, Nemawar Road, Near Makrand House, Palda, Indore - 452020, Madhya Pradesh, India
Tel: (91 731) 243 9999; Fax: (91 731) 243 7605; CIN: L15311MP2009PLC021746, Website : www.yellowdiamond.in
E-mail: complianceofficer@yellowdiamond.in

**EXTRACT OF AUDITED CONSOLIDATED IND AS FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH 2023**

(INR in lakhs except as stated)

| PARTICULARS | QUARTER ENDED | | | YEAR ENDED | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2023 Audited (Refer Note 3) | 31.12.2022 Unaudited | 31.03.2022 Audited (Refer Note 3) | 31.03.2023 Audited | 31.03.2022 Audited |
| Total revenue from operations | 38,662.28 | 42,645.39 | 36,146.37 | 1,65,293.22 | 1,39,661.93 |
| Net profit for the period (before Tax, exceptional and/ or extraordinary items) | 362.86 | 845.83 | (918.73) | 151.28 | 1,154.82 |
| Net profit for the period before tax (after exceptional and/ or extraordinary items) | 362.86 | 845.83 | (911.04) | 151.28 | (238.94) |
| Net profit for the period after tax (after exceptional and/ or extraordinary items) | 2,160.94 | 525.28 | (294.75) | 2,031.18 | 290.90 |
| Total comprehensive income for the period [comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 2,169.39 | 523.28 | (278.00) | 2,079.15 | 314.01 |
| Paid-up equity share capital - Face value INR 5 each | 1,172.65 | 1,172.65 | 1,172.65 | 1,172.65 | 1,172.65 |
| Other equity (as shown in the audited balance sheet of the previous year) | | | | | |
| Earnings per share of INR 5 each (Not Annualised) | | | | | |
| Basic - INR | 9.06 | 2.20 | (1.26) | 8.51 | 1.24 |
| Diluted - INR | 9.06 | 2.20 | (1.26) | 8.51 | 1.24 |

Notes:
1 The above consolidated Ind AS financial results of the Group have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Holding Company at their respective meetings held on 26th May 2023.
2 The Group has determined 'Snacks Food' as a reportable segment as evaluated by the chief operating decision maker for allocation of resources and assessing the performance. There are no other reportable segment as per Ind AS 108 'Operating Segment'. Accordingly, no separate segment information has been provided.
3 The figures of the quarter ended 31st March 2023 and 31st March 2022 are balancing figures between audited figures in respect of the full financial years and the unaudited published year-to-date figures upto 31st December for respective years which were subjected to limited review.
4 The Key audited standalone financial information are as under: (INR in lakhs)

| PARTICULARS | QUARTER ENDED | | | YEAR ENDED | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2023 Audited (Refer Note 3) | 31.12.2022 Unaudited | 31.03.2022 Audited (Refer Note 3) | 31.03.2023 Audited | 31.03.2022 Audited |
| Total revenue from operations | 38,662.28 | 42,645.39 | 36,146.37 | 1,65,293.22 | 1,39,661.93 |
| Profit before tax | 361.95 | 844.59 | (909.37) | 146.35 | (243.93) |
| Profit after tax | 2,160.01 | 524.03 | (293.08) | 2,026.25 | 285.91 |

5 The above is an extract of the detailed format of Audited Consolidated Ind AS Financial Results for the Quarter and Year ended 31st March 2023, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Audited Consolidated Ind AS Financial Results for the Quarter and Year ended 31st March 2023 are available on the websites of the Stock Exchange(s) (www.nseindia.com and www.bseindia.com) and on the Company's website (www.yellowdiamond.in).

For Prataap Snacks Limited

Place: Indore
Date: 26th May, 2023

Amit Kumat
Managing Director and Chief Executive Officer

ANIL PUB